आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 91 ● कटनी ● बुधवार, 4 मई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास शुक्ल पक्ष-4 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## एलआईसी का आईपीओ



### खुलने के कुछ ही देर में 16 लाख से ज्यादा शेयरों के लिए मिली बोली

**नई दिल्ली** विस्तार। देश के इतिहास का सबसे बड़ा एलआईसी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। अब नौ मई तक निवेशक इसके लिए बोली लगा सकते हैं। गौरतलब है कि ये आईपीओ नौ मई शाम पांच बजे तक खुला रहेगा। एलआईसी आईपीओ खुलने के साथ ही इसपर निवेशक टूट पड़े हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बोली प्रक्रिया शुरू होने के महज दस मिनट के भीतर ही 16 से ज्यादा शेयरों के लिए बोली मिल गई थी। एलआईसी आईपीओ को लेकर निवेशकों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

## नरसिंहपुर में हौलनाक वारदात

# 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म हत्या कर भूसे में दबाया शव

**जबलपुर-नरसिंहपुर,यशभारत। नरसिंहपुर के नंदवारा गांव में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है।6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। जघन्य वारदात को घर में काम करने वाले नौकर ने अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण जांच में लिया है।**



नौकर निकला आरोपी

कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम नंदवारा में रहने वाले एक परिवार ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि परिवार के साथ उनकी 6 साल की बेटी पारिवारिक शादी में गई थी। देर रात जब वह घर लौटने लगे तो बेटी का कहीं पता नहीं चला। आसपास सभी जगह खोजबीन की गई पर बेटी का कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने परिवार की शिकायत पर अपहरण का प्रकरण दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू की। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की तो बच्ची के घर में काम करने वाला महाराजपुर देवरी निवासी 24 वर्षीय युवक ने जघन्य वारदात का आरोपी निकला। पुलिस ने आरोपी की खोजबीन कर उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया। आरोपी की निशानदेही पर बच्ची का शव एक खेत में रखे गन्ने के भूसे से बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि खेत में हरवाहा का काम के लिए बच्ची के परिवार वाले युवक को महाराजपुर देवरी से युवक को लेकर आए थे। बच्ची के परिजनों को नौकर पर पूरा भरोसा था इसलिए बच्ची को कहीं पर लाना- ले जाना नौकर ही करता था। बीते दिनों रिश्तेदारी में एक शादी थी उसमें नौकर भी बच्ची के साथ गया था। काफी देर तक बच्ची नौकर के साथ खेलती रही , लेकिन अचानक नौकर और बच्ची दोनों गायब हो गए थे।

### मुंह दबाकर किया दुष्कर्म, रोने लगी तो कर दी हत्या

बताया जा रहा है कि आरोपी नौकर बच्ची को शादी समारोह से उठाकर एक खेत में ले गया जब वह बच्ची के साथ दुष्कर्म करने लगा तो उसने रोना शुरू कर दिया। बच्ची की आवाज बाहर न आए इसलिए नौकर ने उसका मुंह दबा दिया। दुष्कर्म के बाद बच्ची जब जोर-जोर से रोने लगी तो आरोपी ने उसका गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बच्ची के शव को भूसे में दबाकर वापस शादी वाले स्थान पर पहुंच गया। बच्ची के नहीं मिलने पर जब परिजनों ने उसे आसपास खोजना शुरू किया तो आरोपी भी उनके साथ बच्ची को खोज रहा था।

### सुबह घर से फरार हुआ नौकर

घटना को अंजाम देने के बाद नौकर सुबह बच्ची के घर से फरार हो गया। इस पर परिजनों को शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

# ट्विटर - यूजर्स को अब देना होगा चार्ज

**नई दिल्ली।** ।हाल ही में ट्विटर को खरीदने के बाद दुनिया के सबसे अमीर शख्स में से एक एलन मस्क एक बार फिर अपने ट्वीट के कारण चर्चा में है। Twitter को खरीदने के बाद एलन मस्क कंपनी की रणनीति में बड़ा बदलाव करने वाले हैं और इसी संबंध में उन्होंने एक ट्वीट कर जानकारी शेयर की है। मस्क ने खुलासा किया है कि आने वाले दिनों में ट्विटर यूजर्स को चार्ज देना पड़ सकता है। खुद एलन मस्क ने ट्वीट कर यह बात कही है। साथ ही एलन मस्क ने कहा कि कैजुअल यूजर्स के लिए Twitter हमेशा फ्री ही रहेगा। Elon Musk ने अपने ट्वीट में कहा है कि, च्च्कैजुअल यूजर्स के लिए ट्विटर हमेशा फ्री रहेगा. लेकिन कमर्शियल और सरकारी यूजर्स को इसके लिए एक छोटी कीमत चुकानी पड़ सकती है।



**Twitter में होगा बहुत बदलाव** Twitter को खरीदने के बाद एलन मस्क कंपनी के मैनेजमेंट को पूरी तरह से बदलने पर विचार कर सकते हैं। खबर यह भी है कि एलन मस्क Twitter के मौजूदा CEO पराग अग्रवाल और पॉलिसी हेड विजया गड्डे को जल्द ही बाहर का रास्ता दिखा सकती है। Elon Musk कंपनी के मैनेजमेंट में कुछ बड़े बदलाव करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि कंपनी ने अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है कि पराग अग्रवाल और विजया गड्डे को हटाया जाएगा।

**एलन मस्क ने 44 अरब डॉलर में खरीदा Twitter** गौरतलब है कि एलन मस्क लंबे समय से Twitter को खरीदने का प्रयास कर रहे थे। काफी संघर्ष के बाद 25 अप्रैल को एलोन मस्क और ट्विटर के बीच एक डील हुई और टेस्ला के CEO एलोन मस्क इस माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट Twitter को खरीदने में सफलता हासिल कर ली।

## हाइवे पर बेसहारा मवेशियों को ट्रक ने रौंदा

# आठ की मौत

राजगढ़, । नेशनल हाइवे 12 जयपुर-जबलपुर मार्ग पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क पर बैठे बेसहारा मवेशियों को एक तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। इस हादसे में 8 गाय-बछडों की मौके पर मौत हो गई, वहीं कुछ मवेशियों के घायल होने की सूचना है। घटना की जानकारी मिलने पर खिलचीपुर तहसीलदार मौके पर पहुंचे।जानकारी के मुताबिक खिलचीपुर तहसील के जैतपुरा गांव के समीप हर दिन मवेशी हाइवे पर बैठ रहते हैं। ऐसे में बुधवार को सुबह के समय भी मवेशी बैठे हुए थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक पहुंचा और हाइवे पर बैठे मवेशियों को रौंद दिया।



## उफ् ये गर्मी

# 10 मिनट में सिक गए रेत में रखे पापड़

**बीकानेर** । पश्चिमी राजस्थान के सभी जिले गर्मी और लू की चपेट में आ गए हैं। बीकानेर में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। कई किलोमीटर में फैले रेगिस्तान में शहरों की तुलना में ज्यादा गर्मी पड़ रही है। वहां तापमान रिकॉर्ड करने का कोई साधन नहीं है, लेकिन कई लोगों का अनुमान है कि यहां तापमान 50 डिग्री से ज्यादा हो सकता है। इसी बीच बीकानेर बीकानेर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर जवानों ने गर्मी का प्रचंडता दिखाने के लिए अनूठा प्रयोग दिया। इसका उन्होंने वीडियो भी बनाया। वीडियो में दो जवान हाथ में 2-2 कच्चे पापड़ लिए नजर आते हैं। जवानों ने इन पापड़ को रेत में दबाया। 10 मिनट बाद मिट्टी हटाकर देखा तो पापड़ सिके हुए थे। जवानों ने एक पापड़ को तोड़कर भी दिखाया। इस वीडियो में एक जवान बोलता है कि वो आम जनता को बताना चाहते हैं कि सीमा पर सैनिक किन विषम परिस्थितियों से जूझते हुए देश सेवा के लिए जुटे रहते हैं। जवानों के लिए भी इस गर्मी में संसाधन जुटाने की अपील की गई है ताकि उन्हें भी गर्मी से बचाया जा सके। बीएसएफ डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि यहां हर बार इतनी गर्मी पड़ती है। हमारे जवानों के हौसले गर्मी से भी ज्यादा सख्त है।

## संक्षिप्त न्यूज

### भदोही में बेकाबू ट्रक ने पांच को रौंदा

**ज्ञानपुर ( भदोही )** । भदोही कोतवाली क्षेत्र के ज्ञानपुर में मंगलवार की रात हादसे के बाद भाग रहे ट्रक ने पुलिस लाइन के बाहर पांच लोगों को रौंद दिया। इसमें पुलिसकर्मी सहित दो की मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस लाइन के बाहर कुछ पुलिसकर्मी व अन्य लोग चाय-पान की दुकानों पर बैठे थे। इसी दौरान भदोही और देवनाथपुर में हादसे को अंजाम देकर भाग रहा बेकाबू ट्रक आ गया और उसने दीवान सहित पांच लोगों को रौंद दिया। पुलिस लाइन के सिपाहियों ने घायलों को ज्ञानपुर के महाराजा चेत सिंह जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहां सीओ ज्ञानपुर के कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मी मुकेश यादव (35) निवासी बरेसर जिला गाजीपुर व अशोक कुमार पांडे (52) निवासी छतमी गोपीगंज भदोही को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में ट्रक चालक के अलावा तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों में शिवकुमार पांडे, मनोज चौरसिया व अन्य शामिल हैं।

### एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में 4 डूबे

**कोटद्वार।** ईद की छुट्टी में कोटद्वार घूमने आए यूपी के बिजनौर जिले के नगीना के तीन युवकों समेत चार लोगों की खोह नदी में डूबने से मौत हो गई। आमसौड़-दुर्गादेवी के पास नदी से एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने शव को नदी से बाहर निकाला।मंगलवार दोपहर नगीना बिजनौर यूपी के आठ लोग ईद की छुट्टी मनाने के लिए कोटद्वार पहुंचे थे। वे नदी में नहाने के मकसद से दुगड्डा मार्ग पर आमसौड़ और दुर्गादेवी के बीच खोह नदी में पहुंच गए। शाम चार बजे के करीब चार लोग नदी में नहाने के लिए उतरे। तभी एक युवक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए दूसरा साथी भी नदी में उतर गया। देखते ही देखते वह भी डूब गया। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में चार लोग नदी में डूब गए।सूचना मिलते ही एसडी आरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने युवकों को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# गैंगरेप पीड़िता पहुंची थाने, थाना प्रभारी ने किया दुष्कर्म

**ललितपुर।** ललितपुर में सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई एक किशोरी के साथ पाली के थानाध्यक्ष ने थाना परिसर में बने अपने कमरे में दुष्कर्म किया। किशोरी को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। बताया जा रहा है कि एसओ के कहने पर किशोरी की मौसी ही उसे थाने में लेकर पहुंची थी। चाइल्ड लाइन में काउंसलिंग के बाद घटना का खुलासा हुआ। एसपी ने थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। एसओ और चार अन्य युवकों पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया



गया है। डीआईजी जोगेंद्र सिंह देर शाम थाने पहुंचे और मामले की पड़ताल की। थाना पाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी किशोरी के परिजनों ने बताया कि 22 अप्रैल को पाली निवासी चंदन, राजभान, हरिशंकर और महेंद्र चौरसिया उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भोपाल ले गए थे। वहां पर उसे स्टेशन के पास गलियों में छिपाकर रखा गया। आरोप है कि चारों उससे दुष्कर्म करते रहे।वहीं किशोरी की मां अपनी बेटी के लापता होने का मुकदमा दर्ज कराने के लिए 23 अप्रैल को पुलिस कप्तान के पास पहुंची। एसपी ने थाना पुलिस को निर्देश दिए कि तत्काल किशोरी को बरामद किया जाए। पुलिस हरकत में आई तो आरोपी युवक किशोरी को उसकी मौसी के साथ लेकर 26 अप्रैल को थाना पाली पहुंचे और कहा कि किशोरी गायब नहीं हुई थी बल्कि वह भटक गई थी।.आरोप है कि थाना इंचार्ज तिलकधारी सरोज ने 27 अप्रैल को दिन में किशोरी के बयान दर्ज किए और फिर शाम को उसे थाना परिसर में बने अपने कमरे में ले गया और वहां दुष्कर्म किया। इसके बाद थाना इंचार्ज ने मौसी को बुलाकर किशोरी को उसकी सुपुर्दगी में सौंप दिया।

## फूड पायजनिंग की आशंका

### उज्जैन के आश्रम में दो लोगों की मौत, चार बीमार

**उज्जैन** । भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अंबोदिया स्थित सेवाधाम आश्रम में रहने वाले छह लोग मंगलवार सुबह अचानक बीमार हो गए। इन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां डाक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार को भर्ती किया गया है। डाक्टरों ने फूड पाइजनिंग की आशंका जताई है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस ने बताया कि अंबोदिया स्थित सेवाधाम आश्रम के निश्शक्त वार्ड में 120 लोग रहते हैं। इनकी हालत ऐसी है कि वे बिस्तर से भी नहीं उठ सकते हैं। मंगलवार सुबह नित्यकर्म के बाद मूक-बधिर व मानसिक बीमार 23 वर्षीय अमर, 26 वर्षीय लोकेश, 30 वर्षीय आशु शर्मा, 45 वर्षीय प्रवीण, 59 वर्षीय मनोज, 21 वर्षीय विश्वनाथ की तबीयत अचानक खराब हो गई। जिला अस्पताल ले जाने पर अमर व लोकेश को मृत घोषित कर दिया गया इधर सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ताबड़तोड़ डाक्टरों की एक टीम आश्रम पहुंचाई थी। यहां जांच की गई।



# मर्डर केस के सुबूत ले भागा बंदर...

## एविडेंस मांगने पर कोर्ट में जयपुर पुलिस का जवाब

**,जयपुर।** पुलिस ने मर्डर के आरोपी को गिरफ्तार किया, सुबूत जुटाए। जब कोर्ट में सुबूत पेश करने की बारी आई तो पुलिस ने जो तर्क दिया उसे सुनकर आप भी चौंक जाएंगे। पुलिस ने कोर्ट में कहाकि मर्डर के सुबूत बंदर ने चुरा लिया। बताया जाता है कि इन सुबूतों में वह चाकू भी शामिल था, जिससे मर्डर को अंजाम दिया गया था।

2016 में हुई हत्या का था सुबूत

यह मामला है राजस्थान के जयपुर की निचली अदालत का है। पुलिस के मुताबिक मामला सितंबर 2016 का है। एक अंग्रेजी दैनिक के मुताबिक उस वक्त चांदवाजी पुलिस थाने के अंर्तगत आने वाले एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शशिकांत शर्मा के व्यक्ति की मौत हो गई थी। शव मिलने के बाद मृतक के परिचितों और रिश्तेदारों ने मामले की तीव्र जांच की मांग करते हुए जयपुर-दिल्ली हाईवे जाम कर दिया था। पांच दिन बाद इस मामले में पुलिस ने चांदवाजी के रहने वाले राहुल कंदेरा और मोहनलाल कंदेरा को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इन दोनों को हत्या के आरोप में अतिरिक्त जिला जज की कोर्ट में पेश किया गया था।

### मालखाने में जगह का अभाव

बताया जाता है कि इस मामले से जुड़े सभी सुबूत पुलिस एक बैग में रखकर कोर्ट ले जाती थी। बैग में हत्या में इस्तेमाल चाकू के साथ-साथ 15 अन्य अहम सुबूत भी रखे हुए थे। बताया जाता है कि मालखाना में जगह न होने के चलते सुबूतों से भरा बैग एक पेड़ के नीचे रखा हुआ था। हाल ही में कोर्ट ने मामले में सुबूत पेश करने को कहा तो पुलिस ने बैग के बंदर द्वारा चोरी करने की बात की। पुलिस ने यह बात कोर्ट में लिखित रूप में दी है।

## चित्रकूट : बारात में चली गोलियां

# 2 की मौत और दो घायल

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में बीती रात एक शादी समारोह में भारी बवाल हो गया। मामला राजापुर थाना क्षेत्र का है, जहां बरात में हर्ष फायरिंग के दौरान चार लोगों को गोली लग गई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, रैपुरा थाना क्षेत्र के इटावा महुलिया गांव से छीबों थइया यादव पुत्र अवसरी के घर बरात आई थी। देर रात्रि जयमाला के समय राम लखन और रामकरण यादव हर्ष फायरिंग करने लगे। गोलियों की गड़गड़ाहट से पूरा गांव सहम गया। वहां स्थित ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 15 मिनट तक धुआंधार हर्ष फायरिंग होती रही। इसके बाद में प्रतिस्पर्धा के चलते राम लखन और रामकरण ने एक दूसरे को गोली मार दी। राजापुर थाना प्रभारी अवधेश मिश्रा ने बताया कि यह घटना छैबो गांव में हर्ष फायरिंग के दौरान की है।

## मनसे ने मुंबई समेत कई शहरों में मस्जिद के पास लाउड स्पीकरों पर बजाया हनुमान चालीसा

# नहीं झुके राज ठाकरे

**मुंबई ।महाराष्ट्र में लाउड स्पीकर विवाद तूल पकड़ता जा रहा है।महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने आज सुबह मुंबई के चारकोप क्षेत्र समेत राज्य के कई शहरों में अजान के वक्त लाउड स्पीकर पर हनुमान चालीसा बजाई।**

मुंबई में मस्जिद से अजान के वक्त उसके पास लाउड स्पीकर पर हनुमान चालीसा बजाने का वीडियो वायरल हो रहा है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने इसका आह्वान किया है। मनसे ने महाराष्ट्र में मस्जिदों से लाउड स्पीकरों पर अजान पर पाबंदी की मांग को लेकर 4 मई से आंदोलन छेड़ने का आह्वान किया है। उधर, महाराष्ट्र सरकार ने इस आंदोलन से तनाव न



फैले इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। इस बीच बुधवार सुबह मुंबई व नासिक समेत कई शहरों में अजान के वक्त हनुमान चालीसा बजाई गई। मुंबई का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक हाईराइज भवन से अजान के वक्त एक मनसे कार्यकर्ता हाथ में पार्टी का झंडा लहराते दिखा व लाउड स्पीकर पर अजान से दोगुनी आवाज में हनुमान चालीसा का पाठ सुना गया। नासिक में भी नमाज के दौरान हनुमान चालीसा बजाई गई। इस मामले में सात महिला कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। बांद्रा, भिवंडी और नागपुर में भी अजान के दौरान हनुमान चालीसा बजाने की सूचना है।

# राणा दंपति को कोर्ट से राहत

**मुंबई।** 23 अप्रैल से राजद्रोह के आरोप में भायखाला जेल की सलाखों के पीछे कैद अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को मुंबई सेशन कोर्ट ने जमानत दे दी है। 30 अप्रैल को ही अदालत ने इस मामले में 2 मई तक के लिए अपना जजमेंट रिजर्व कर लिया था।सोमवार को समय ज्यादा हो जाने के कारण मुंबई की सिविल एंड सेशंस कोर्ट के शेष न्यायाधीश आर. एन. रोकाडे अपना ऑर्डर पूरा नहीं लिखवा सके थे। इससे पहले नवनीत राणा को मुंबई के जे.जे हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया था। उनके पीठ में देर रात अचानक दर्द बढ़ गया था, जिसके बाद उन्हें यहां सीटी स्कैन के लिए लाया गया है। राणा दंपती पर धारा 15 ए, 353 के साथ बॉम्बे पुलिस एक्ट की धारा 135 के तहत एफआईआरदर्ज है। इसके अलावा राणा दंपती पर 124 ए, यानी राजद्रोह की भी केस दर्ज है। दोनों की गिरफ्तारी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने के आवाहन के बाद हुई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट उन पर दर्ज एक केस को खारिज करने से मना कर चुका है। हालांकि, राणा दंपती 6 मई तक न्यायिक हिरासत में हैं और आज अगर उनकी जमानत अर्जी खारिज होती है तो उनके पास हाईकोर्ट जाने का विकल्प रहेगा।



# जय-जय परशुराम से गुंजायमान हुआ कटनी, निकली भव्य शोभायात्रा







**कटनी।** शहर में कल भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव पर भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा गोलबाजार रामलीला मैदाल हनुमान मंदिर से सायं 5 बजे परशुराम जी की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में भव्यता भगवा वस्त्र धारण किए महिलाओं के साथ नन्हे बच्चों की झाकियां थीं। अग्रपंक्ति में शहर के गणमान्य जन थे जिनके साथ परशुराम बने शख्स आकर्षण का केन्द्र बने रहे। बड़ी संख्या में विप्र बंधु के साथ विभिन्न धर्म के लोग भी यात्रा में शामिल हुए। मुख्य रूप से ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष रामचंद्र तिवारी नगर अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, हनुमत कोटि के महंत सुरेन्द्रदास , बिल्लू शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिथलेश जैन, प्रेम प्रकाश दीक्षित, आशीष पाठक, संतोष शुक्ला, अश्वनी गौतम, मृदुल द्विवेदी, पप्पू मिश्रा, करण सिंह, सुजीत द्विवेदी, मनीष दुबे, शंभु पांडे, अभिषेक शर्मा, राकेश तिवारी, सूर्यकांत गौतम, सूर्यकांत मिश्रा, भरत भूषण पाठक, अतुल तिवारी, छोटू पांडेय, राजा जगवानी, मनोज गुप्ता, गीता पाठक, उषा पांडे, कल्पना दुबे, हेमलता शर्मा, कामता भोमिया, अंजू तिवारी, प्राची दीक्षित, मीना शुक्ला सहित सैकड़ों गणमान्य जन मौजूद थे। शोभायात्रा में सबसे पहले भगवान गणेश जी का रथ परशुराम जी का रथ बच्चो की जीवंत झांकिया भगवान परशुराम बने आकर्षण का केंद्र रही। शाम पांच बजे गोलबाजार रामलीला मैदान से शोभायात्रा निकली शोभायात्रा झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक होते हुए ब्राह्मण सत्संग भवन मसुरहा वार्ड



पहुंची जहां पर शोभायात्रा का समापन किया किया गया जिसके बाद महाआरती का आयोजन भी किया गया समापन स्थल पर ही प्रसाद वितरण तथा भोजन की व्यवस्था भी की गई।

### गंगा-जमुनी तहजीब के साथ शोभायात्रा की अगवानी

शोभायात्रा पूरी तरह श्रद्धा और आस्था के साथ कटनी की गंगा जमुनी तहजीब से सराबोर थी। कल ही ईद का त्योहार भी था लिहाजा कटनी के नागरिकों ने दोनों त्योहारों में मिलजुल कर हिस्सा लिया। कई मुश्लिम समाज के लोग भी शोभायात्र में शामिल हुए तथा विप्र समाज के लोगों को बधाई दी इसी तरह विप्र समाज के लोगों ने भी ईद की मुबारकबाद दी।

### आजाद चौक में शोभायात्रा का स्वागत

भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा के आजाद चौक सम्राट गली के सामने पहुंचने पर जिला चिकित्सालय के पूर्व सिविल सर्जन हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस के शर्मा एवं डॉ. अभिषेक शर्मा ने शोभायात्रा का स्वागत करते हुए भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना की एवं प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर स्टाफ के सदस्य एवं अन्य लोगों की मौजूदगी रही।

## बरही में निकली परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा

### जीवंत झांकी रही आकर्षण का केंद्र





**बरही।** श्रीहरि विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव बरही में पूरे भक्तिभावए उल्लास व धूमधाम से मनाया गया। श्रीरामलला दरवार में पूजा-पाठ, प्रसाद वितरण के उपरान्त भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के पुराने तालाब, चौक बाजार, मेन रोड, कमानिया गेट होते हुए विजयनाथधाम में स पन्न हुआ। जय-जय परशुराम के गगनभेदी उद्घोष से बरही गूंजता रहा। हाथ में फरसा लिए बिप्र बंधु ढोल.नगाड़ों की थाप पर नाचते झूमते आगे बढ़ रहे थे। नगर में विभिन्न समाज के लोगो के द्वारा जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। भगवान परशुराम की जीवंत झांकी में संदीप सिंह चतुर्वेदी आकर्षण, दिव्य, अलौकिक छवि से सभी को मोहित कर रहे थे। शोभायात्रा की अगुआई कर रहे तहसील ब्राह्मण समाज बरही के अध्यक्ष पंडित के आर दुबे, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज तहसील इकाई बरही के अध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, रामदेव मिश्रा, पूर्व नपा अध्यक्ष सतीश नारायण तिवारी, हेतराम तिवारी, रमाकांत मिश्रा, राकेश द्विवेदी धवैया, भीम सिंह, रानू चतुर्वेदी, बीडी अवस्थी, प्रवीण त्रिवेदी डब्बू, नवल सिंह चतुर्वेदी, आर के गुरुद्वान ऋषिराज तिवारी, कामता तिवारी, मनीष दुबे, पवन चतुर्वेदी, सुनील चतुर्वेदी, सुमित चतुर्वेदी, प्रदीप तिवारी, मुनेंद्र तिवारी, लालजी उरमलिया समेत तहसील क्षेत्र बरही के सैकड़ो विप्रबन्धु उपस्थित रहे।

## मुनाफाखोरी के लिए हो रही ओवर लोडिंग



**कटनी।** जिले में ओवर लोडिंग पर कार्रवाई न होने से नियम कानूनों की धज्जियां उड़ रही हैं। इससे वाहन चालक बेखौफ हैं। कार्रवाई के नाम पर आंकड़े भरे जा रहे हैं। मुनाफाखोरी के लिए हो रही ओवर लोडिंग में जिले की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। वाहन अपनी क्षमता से अधिक सामान ढो रहे हैं। इनमें पटरे भी लगे रहते हैं लेकिन अधिकारियों को यह पटरे नहीं दिखते हैं। जिले की सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे ओवर लोड वाहन प्रतिदिन नियम-कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। और जिम्मेदार इन पर कार्रवाई करने की बजाय उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। कार्रवाई के नाम पर कागजी खानापूर्ति कर आंकड़ों की बाजीगरी करने वालो अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार दिख रहे हैं। वाहन मालिक ओवर लोड कर सामग्री का परिवहन कर मुनाफाखोरी करने में जुटे हुए हैं। ओवरलोड वाहनों के कारण सड़के भी क्षतिग्रस्त हो रही है। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं की जा रही है। सड़क पर ओवर लोड वाहन दौड़ रहे हैं और कार्रवाई के लिए जिम्मेदार आरटीओ विभाग उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। कार्रवाई नहीं होने से ओवर लोड वाहन लगतार सड़कों से गुजर रहे हैं। जिले भर की सड़कों पर ओवर लोड वाहनों को देखा जा सकता है। ओवर लोड वाहनों के कारण सड़के भी खराब हो रही है। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं की जा रही है। कार्रवाई के लिए बना है नियम: ओवरलोड कर सामग्री का परिवहन करने पर प्रिवेंशन ऑफ टू पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1984 बनाया गया है। इसके तहत मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 1-3 के अंतर्गत पंजीयन प्रमाण-पत्र में उल्लेखित भार क्षमता से अधिक सामग्री ले जाना अपराध मानते हुए इस अधिनियम के अंतर्गत परिवहन विभाग को ओवरलोड वाहनों की जांच करने और शमन शुल्क वसूला करने का अधिकार है। लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरटीओ विभाग के अधिकारी सिर्फ कार्यालय में ही अपने कर्तव्यों का निर्वाहन कर रहे हैं। सड़कों पर जाकर कार्रवाई करने में उदासीन बरती जा रही है। इसी वजह से सड़कों पर बैखोफ होकर ओवर लोड ट्रक चलाए जा रहे हैं।

### वाहन भार क्षमता ओवर लोड

| | |
|---|---|
| 6 चके वाहन में 9 टन | 10 से 14 टन |
| 10 चके वाहन में 16 टन | 20 से 18 टन |
| 12 चके वाहन में 21 टन | 25 से 30 टन |
| 14 चके वाहन में 27 टन | 30 से 35 टन |
| मिनी ट्रक में ढाई टन | 4 से 5 टन |
| 909 वाहन में 5.5 टन | 7 से 10 टन |

## झंडा बाजार में सड़क पर फेंक रहे कचरा

**कटनी।** नगर निगम और प्रशासन लाख प्रयास करे पर लोग अभी भी साफ सफाई को लेकर जागरूक नहीं हो पा रहे। शहर में अभी कचरा को उचित स्थान पर फेकने के लिए लोगों में जागरुकता नहीं आ पा रही है। यही कारण है कि शहर के व्यस्तम इलाका झंडाबाजार में व्यापारी अपनी दुकानों का कचरा दुकानों के बाहर फेक रहे हैं। इससे यहां पर रात में गंदगी का अंबार लग जाता है। स्थानीय लोगों ने नगरनिमग से अपील कै है कि यहां पर बड़े डस्टबिन रखवाए जाएं इसके साथ ही व्यापारियों के बीच विशेष जागरुकता अभियान चलाया जाए ताकि कचरा न फैले। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि व्यापारियों को स्वच्छता अभियान का महत्व बताया जाएगा तो वह जरूर डस्टबिन का प्रयोग करेंगे और शहर स्वच्छ रहेगा। झंडा बाजार में जागरुक व्यापारियों ने प्रशासन से अपील की है कि वे इस संबंध में कुछ करें ताकि शहर की स्वच्छता के संबंध में बेहतर स्थान शहर को मिल सके।

## पठार के 40 गांवों में गंभीर जलसंकट

### 250 से अधिक हैंडपंप पानी की जगह हवा उगल रहे,वाटर लेवल नीचे



**कटनी।** जिले करीब 40 गांवों में पिछले कई माह से नलजल योजनाएं बंद पड़ी हैं। करीब 250 से अधिक हैंडपंप पानी की जगह हवा उगल रहे हैं। वाटर लेवल नीचे चले जाने से शहर की कॉलोनियों सहित अन्य इलाकों में लोगों को सामान्य जरूरत के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है।कटनी जिले के बहोरीबंद के बड़खेरा में पेयजल की समस्या से नागरिकों को परेशानी हो रही है। यहां पर लगी नलजल योजना से पेयजल सप्लाई होने से में कई बार परेशानी हो जाती है। इससे नागरिक पेयजल के लिए परेशान होते है। ग्रामीणों ने बताया कई क्षेत्रों में जलस्तर कम होने के कारण हैंडपंप बंद हो गए हैं। जल स्रोत सूख जाने के कारण कार्य करना बंद गए हैं। ये हैंडपंप कई दिनों से खराब हैं। जल स्तर कम होने के कारण बंद हैं, जिनमें पाइप बढ़ाए जाने हैं लेकिन विभाग ने कार्य नहीं करवाया है। इसका अलावा जल स्रोत सूख जाने के कारण हैंडपंपों ने कार्य करना बंद कर दिया है या आने वाले समय में कम कर देंगे लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### शहर में नहीं मिल पा रहे टेंकर

इधर शहर की बात करें तो अधिकांश वार्डों में टेंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है इस काम में नगर निगम के साथ स्थानीय संस्थाएं भी लगीं हैं लेकिन टेंकर से जलापूर्ति भी नहीं हो पा रही क्योंकि टेंकरों की संख्या सीमित है जबकि जल समस्या अथाह बन गई है। विवाह समारोहों में पानी की कमी के कारण लोग मुंह मांगे दाम पर भी टेंकर खरीदने को विवस हो रहे हैं। हालांकि कई संस्थाएं नि:शुल्क टेंकर उपलब्ध करा रही हैं लेकिन उनको भी चालक और डीजल का खर्चा काफी मंहगा पड़ रहा है।

## कटनी से जबलपुर गए बारातियों पर चाकू से हमला



### भोजन को बेस्वाद बताने से नाराज वधू पक्ष के हलवाई और उसके साथियों ने दिया वारदात को अंजाम

**कटनी।** भोजन को बेस्वाद बताने से नाराज वधू पक्ष के हलवाई ने वर के लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। पेट में चाकू लगने से तीन युवक घायल हो गए। घटना अधारताल स्थित एक मैरिज गार्डन की है। एफआइआर दर्ज कर पुलिस आरोपित हलवाई की तलाश कर रही है। अधारताल थाने में खिरवा पौड़ी पान उमरिया कटनी निवासी अशोक कुमार रजक ने घटना की शिकायत की थी। पुलिस ने बताया कि अशोक के भतीजे साहिल रजक का विवाह जबलपुर निवासी युवती से तय हुआ था। अधारताल स्थित मैरिज गार्डन में विवाह समारोह के दौरान वर पक्ष के लोग भोजन कर रहे थे। तभी कुछ लोगों ने भोजन को बेस्वाद बताया। जिससे नाराज होकर वधू पक्ष का हलवाई मुन्ना श्रीपाल बारातियों से अभद्रता करने लगा। वर पक्ष के साहिल रजक ने हलवाई को अभद्र व्यवहार करने से रोकने का प्रयास किया। जिससे नाराज मुन्ना ने सब्जी काटने वाली चाकू से साहिल पर हमला कर दिया। साहिल को बचाने पहुंचे कृष्ण कुमार रजक, निशांत रजक पर भी मुन्ना ने चाकू चला दी। हमले में तीनों को गंभीर चोटें आईं। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 29 से
11.15, 2, 4.45, एवं रात्रि 7.30 बजे से



HEROPANTI–2 (हिंदी में)
कलाकार- टाईगर श्राफ, तारा सुतारिया, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, कृति सेनन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 29 से
12.30 एवं रात्रि 9.30 बजे से


KGF CHAPTER–2 (हिंदी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 29 से
3.30, 6.30, एवं रात्रि 10.15 बजे से


RUNWAY-34 (हिंदी में)
कलाकार- अजय देवगन, अमिताभ बच्चन, रकुलप्रीत सिंह, बोमन ईरानी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में


ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 29 से
12, 3 एवं सायं 6 बजे से
HEROPANTI-2
(हिन्दी में )
कलाकार- टाईगर श्राफ, तारा सुतारिया, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, कृति सेनन आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, बुधवार, 04 मई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# लोड बढ़ने पर भी नहीं लगा रहे नया ट्रांसफार्मर

## लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे वल्लभ भाई पटेल नगर कॉलोनी के वाशिंदे



**कटनी।** लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक तीन के अंतर्गत वल्लभ नगर कॉलोनी में रहने वाले वाशिंदे पिछले करीब एक साल से लो वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं। गर्मी का मौसम शुरू होने के बाद लोगो की परेशानियां ओर भी बढ़ गई हैं। न तो पंखे चल रहे और न ही कूलर। पानी की मोटर भी बमुश्किल चल पा रही। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को कईयों बार इस समस्या से अवगत कराए जाने के बाद भी नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा रहा। कंपनी के अधिकारियों द्वारा वल्लभ नगर को अवैध कॉलोनी बताकर नया ट्रांसफार्मर लगाने से इंकार किया जा रहा है। आलम यह है कि गर्मी के इस मौसम में यहां रहने वाले लोगों का दिन तो किसी तरह कट जाता है, लेकिन रात जागकर ही गुजारना पड़ रही। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों और बच्चों को हो रही है। गर्मी में जब बिना पंखा और कूलर के एक मिनट भी नहीं रहा जा सकता, तब यहां के लोग लो वोल्टेज के चलते कैसे जीवन यापन कर रहे होंगे, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। कॉलोनी के नागरिकों ने विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता को एक शिकायत देते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने का निवेदन किया है। क्षेत्र के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह में उनकी समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो वे हाईवे जाम करने के साथ ही आत्मदाह करेंगे। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक तीन के अंतर्गत आने वाले वल्लभ भाई पटेल नगर कॉलोनी में विगत 1 वर्ष से वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। पानी की मोटर एवं कूलर पंखे सही तरीके से नहीं चल पाते हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी आज तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया। लोगों द्वारा जब इसकी शिकायत लाइनमैन से की जाती है तो उसके द्वारा कहा जाता है कि यहां लोड ज्यादा है और ट्रांसफार्मर की कैपेसिटी कम है। जब तक कॉलोनी में नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लगेगा, वोल्टेज की समस्या बनी रहेगी। ज्ञात हो कि कॉलोनी के बाहर एक छोटा ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जो कि कॉलोनी समेत एक बहुत बड़े को एरिया को बिजली आपूर्ति पहुंचाता है। क्षेत्र के लोगों की मांग है कि इस छोटे ट्रांसफार्मर से वल्लभ भाई पटेल नगर कॉलोनी बिजली आपूर्ति की जाए।

**एक ही ट्रांसफार्मर से आपूर्ति हो रही कॉलोनी में, शिकायतों के बाद भी सुनवाई नहीं, क्षेत्र के लोगों ने दी चकाजाम की चेतावनी**

### बिल तो पूरा वसूल रहे, बिजली आधी भी नसीब नहीं

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं से बिजली बिल तो पूरा वसूल किया जा रहा है, लेकिन उपभोक्ताओं को बिजली आधी भी नसीब नहीं हो रही। आलम यह है कि शिकायतों का समाधान तक नहीं किया जा रहा। वल्लभनगर कॉलोनी में पिछले काफी समय से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। लो वोल्टेज की वजह से विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे हैं। क्षेत्र के नागरिकों द्वारा कईयों बार पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों से शिकायत किए जाने के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा।

### क्या कहते हैं क्षेत्र के नागरिक

क्षेत्र के निवासी दिलीप कुमार सोनी, दीपक पटेल, कमल पटेल, सुजीत गर्ग, जुगल प्यासी, अवध प्यासी, ओ पी शुक्ला, अतुल टीपा, विनोद पटेल ने बताया कि कॉलोनी के निर्माण के बाद से ही लो वोल्टेज की समस्या बनी है। आलम यह है कि सुबह होते ही जब सबमर्सिबल पंप चालू करते हैं, तो लो वोल्टेज की वजह से मशीन चालू हीं नहीं होती। इसके अलावा ट्यूबलाइट व अन्य उपकरण भी लो वोल्टेज की वजह से काम नहीं करते। जिससे विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे हैं। शिकायत करने पर भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा।



### सीएम हेल्पलाइन 181 में नहीं हो रही सुनवाई

बताया जाता है कि लो वोल्टेज की समस्या को लेकर क्षेत्र के लोगों कईयों बार राज्य सरकार की सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज करा चुके हैं लेकिन शिकायतकर्ता से बिना संपर्क के ही शिकायत को बंद कर दिया जाता है। आज 4 मई को एक बार फिर शिकायत दर्ज कराई गई है।

# एक घंटे की बजाय 40 मिनट भी नहीं हो पा रही जलापूर्ति

**कटनी।** शहर में पेयजल संकट बढ़ने के बाद पिछले दिनों कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा नगर निगम के जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर पेयजल संकट से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए थे लेकिन ऐसा लगता है कि नगर निगम आयुक्त सहित जल प्रदाय विभाग के अधिकारी कलेक्टर के निर्देशों को गंभीरता से नहीं ले रहे। कलेक्टर द्वारा शहर के पेयजल संकट ग्रस्त इलाकों में पानी की टंकी से एक घंटे जलापूर्ति के निर्देश दिए गए थे लेकिन यहां एक घंटे तो दूर 40 मिनट भी जलापूर्ति नहीं हो रही। जिससे कलेक्टर के निर्देशों की खुलेआम अवहेलना होती दिख रही है। इसके अलावा जलापूर्ति में कमी होने से लोगों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चंद्रशेखर आजाद वार्ड के गाटरघाट क्षेत्र में गांधी स्कूल की पानी की टंकी से एक घंटे सप्लाई के निर्देश दिए गए थे लेकिन वार्ड के लोगों ने बताया कि यहां 40 मिनट भी पानी नहीं आ रहा। लोगों का कहना है कि यदि दिन में बोरिंग से होने वाली जलापूर्ति न हो तो कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। लेकिन इसका भी समय निर्धारित होना चाहिए, जिससे लोगों को दिन भर पानी का इंतजार नहीं करना पड़े। लोगों ने कलेक्टर एवं निगमायुक्त से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया है।

**शहर में हर दिन गहराता जा रहा पेयजल संकट**

### निर्धारित दिनों में भी नहीं हो रही सप्लाई

वार्ड के लोगों का यह भी कहना है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए जो दिन निर्धारित किए गए हैं, उन दिनों में पेयजल आपूर्ति नहीं की जा रही है। इसके पीछे भी मोटर पंप खराब होने तो कभी बिजली आपूर्ति नहीं होने का बहाना बनाया जा रहा। निर्धारित दिनों में सप्लाई नहीं होने के चलते लोगों का पूरा दिन पानी के इंतजार में बीत रहा। नगर निगम को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए।



# महिला सशक्तिकरण मंच ने किया जल पात्रों का वितरण

**कटनी।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर महिला सशक्तिकरण मंच द्वारा जल पात्रों का वितरण किया गया। सर्वप्रथम घड़ों के अंदर हरा मूंग, गुड़, पानी डालकर और स्वास्तिक का निशान बनाकर जल पात्र पूजन किया गया। तत्पश्चात जरूरतमंदों को घड़े भेंट किए गए। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण मंच की संरक्षक श्रीमती किरण पोद्दार, श्रीमती रेखा गट्टानी, श्रीमती आशा सरावगी, श्रीमती सरोज बजाज, श्रीमती अनीता गट्टानी, श्रीमती निर्मला केडिया, श्रीमती मोना तिवारी, श्रीमती मंजुला अग्रवाल, श्रीमती ममता अग्रवाल, वंदना मिश्रा की उपस्थिति रही।

### लोगों ने रोक ली मशीन, कहा यहीं करो बोरिंग

**कटनी।** शहर में पेयजल समस्या विकराल हो रही है। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। खेर माता मंदिर के पास अमीरजगंज में नलों में बिल्कुल भी पानी नहीं आ रहा। क्षेत्र के निवासी संदीप सेन, संगम केवट, ममता केवट, प्रवीण गुप्ता, कंधी यादव, मंगल केवट आदि ने कहा कि टेंकर नहीं आते, जिससे लोग परेशान हैं। जब एक बोरिंग मशीन कहीं से बोरिंग करके लौट रही थी, तभी स्थानीय लोगों ने उसवे रोक लिया। मशीन के आगे बैठकर कहा कि यहीं पर बोरिंग करो, यहां गंभीर समस्या है। सूचना पर पुलिस पहुंची और लोगों को शांत कराया। लोगों ने कहा कि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं होता तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### अक्षय तृतीया पर वृद्धाश्रम में कराया भोजन



अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जिला पत्रकार संघ के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री द्वारा कल मंगलवार को देवप्रभाकर नगर स्थित श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों की भोजन प्रसादी करवाई गई। इस अवसर पर अग्निहोत्री परिवार के सदस्यों की मौजूदगी रही।

# ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने किया सिवईंया का वितरण



**कटनी।** ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिलाध्यक्ष अज्जू भाईजान द्वारा ईदुल फितर पर्व के अवसर पर अल्फर्टगंज क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों को सिवईयां का वितरण करते हुए पर्व की मुबारकबाद दी।

**Presiding Officer:** श्री राजकुमार यादव
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(**MACC/0000002/2022**)
सकुन्तला रैदास..........वादी Vs मोनू कुम्हार..................................प्रतिवादी
**Process Id- /2022** पेशी दिनांकः- 23/06/2022 **PN 355/22**

प्रेषिती -(1) माहेश्वरी लाइन वर्क द्वारा प्रोप्रा. जुगल किशोर माहेश्वरी पता- हनुमानगंज, कटनी तह. व जिला-कटनी म.प्र.
(2) सतीश कुमार प्यासी पिता तीरथ प्रसाद प्यासी पता- मझौली तह. बड़वारा, जिला-कटनी म.प्र.

यह कि प्रार्थी सकुन्तला रैदास ने आपके विरूद्ध धारा 166 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख **28 अप्रैल 2022** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर कर दिया गया है। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा

**न्यायाधीश**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि./यां संभाग जबलपुर

Web site :- www.mp.gov.in/pwdmp Email :- eepwdelecjbp@mp.nic.in
Tel./Fax No. 0761-2620792

### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक .04 2022-23/व.ले.लि. जबलपुर, दिनांक 27.04.2022

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित विद्युत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | अमानत की राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. ठेकेदार की श्रेणी 2. निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 6 | 7 |
| 1 | 2022_PWDRB_ 200263_1 | छिन्दवाड़ा जिले के हेडक्वाटर सेक्शन एवं तमिया सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (छिन्दवाड़ा हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 2 | 2022_PWDRB_ 200265_1 | छिन्दवाड़ा जिले के सब डिवीजन नं 2 एवं अमरवाड़ा एवं चौरई सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (छिन्दवाड़ा हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 3 | 2022_PWDRB_ 200267_1 | छिन्दवाड़ा जिले के पाण्डुरना एवं मोहखेड़ा एवं सौसर सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (छिन्दवाड़ा हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 4 | 2022_PWDRB_ 200270_1 | सिवनी जिले के लखनादौन सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (सिवनी हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 5 | 2022_PWDRB_ 200271_1 | सिवनी जिले के केवलारी सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (सिवनी हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 6 | 2022_PWDRB_ 200273_1 | सिवनी जिले के सिवनी सब डिवीजन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (सिवनी हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 7 | 2022_PWDRB_ 200274_1 | नरसिंहपुर जिले के हेडक्वाटर सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 18.00 Lakh | 36,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (नरसिंहपुर हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 8 | 2022_PWDRB_ 200274 1 | नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा/बरमान एवं तेन्दुखेड़ा सेक्शन के के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (नरसिंहपुर हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 9 | 2022_PWDRB_ 200279_1 | नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (नरसिंहपुर हेतु) 2. प्रथम काल |
| 10 | 2022_PWDRB_ 200281_1 | बालाघाट जिले के बालाघाट सब डिवीजन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (बालाघाट हेतु) 2. प्रथम काल |
| 11 | 2022_PWDRB_ 200282_1 | बालाघाट जिले के बैहर सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (बालाघाट हेतु) 2. प्रथम काल |
| 12 | 2022_PWDRB_ 200283_1 | बालाघाट जिले के लांजी सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20,000/ | 2000/ | 31.03.2023 | 1 नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (बालाघाट हेतु) 2. प्रथम काल |
| 13 | 2022_PWDRB 200284_1 | बालाघाट जिले के वारासिवनी सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (बालाघाट हेतु) 2. प्रथम काल |
| 14 | 2022_PWDRB_ 200285_1 | कटनी जिले के हेड क्वाटर सब डिवीजन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 18.00 Lakh | 36,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (कटनी हेतु) 2. प्रथम काल |
| 15 | 2022_PWDRB_ 200286_1 | कटनी जिले के लोक निर्माण विभाग के-1 सब डिवीजन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (कटनी हेतु) 2. प्रथम काल |
| 16 | 2022_PWDRB_ 200287_1 | कटनी जिले के लोक निर्माण विभाग के-2 सब डिवीजन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20,000/- | 2000/- | 31.03.2023 | 1- नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस (कटनी हेतु) 2. प्रथम काल |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 16.05.2022, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग जबलपुर

जी-12254/22

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति,
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए - 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

From 29th April 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL



| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| RUNWAY-34 | 10.30 AM | KGF | 9:45 AM | Heropanti-2 | 10:45AM |
| KGF | 1:15 PM | Heropanti-2 | 1:00 PM | RUNWAY-34 | 1:30 PM |
| RUNWAY-34 | 4:30 PM | Heropanti-2 | 4:00 PM | RUNWAY-34 | 4:15 PM |
| Heropanti-2 | 7:15 PM | Heropanti-2 | 6:45 PM | RUNWAY-34 | 7:00 PM |
| RUNWAY-34 | 10:00 PM | Heropanti-2 | 9:30 PM | KGF | 9:45 PM |

Paytm bookmyshow
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# ग्रामीण विकास की योजनाओं में प्रगति लाने सीईओ ने दिए निर्देश



**कटनी।** जलाभिषेक अभियान के अंतर्गत निर्मित कराए जा रहे अमृत सरोवर एवं अन्य जल संरचनाओं का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं जलभराव के अनुकूल होना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास में पूर्णता एवं प्रगति लाने हेतु निरंतर भ्रमण करते हुए आवश्यक संसाधन हितग्राहियों को उपलब्ध कराए जाएं। बारिश का पानी ग्राम से बाहर प्रवाहित होने से रोकने के लिए शासकीय भवनों में एवं प्रत्येक घर में व्यक्तिगत सोकपिट का निर्माण कराया जाना सुनिश्चित करें, इस आशय के निर्देश सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमें ने शनिवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद पंचायत के अधिकारियों को दिए।

श्री गोमे ने वीसी के माध्यम से जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बारिश के पानी के जल संग्रहण एवं संवर्धन हेतु जल संरचनाओं का निर्माण कराया जावे ताकि अत्यधिक जलभराव हो सके साथ ही किसानों को सिंचाई हेतु जल सुविधा प्राप्त हो सके। ग्रीष्म काल में बढ़ते तापमान एवं घटते जलस्तर को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण जनों को पेयजल संकट का सामना ना करना पड़े, इसके लिए ग्रामवार सघन रिपोर्टिंग ली जावे एवं आवश्यकता के अनुसार संबंधित अधिकारियों से समस्या का निराकरण कराया जावे ताकि पेयजल आपूर्ति होती रहे।

आवास प्लस के अंतर्गत पंजीयन और

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की योजनाओं की समीक्षा

समयबद्ध जियो टैगिंग करते हुए समस्त प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने समस्त सीईओ जनपद एवं अन्य अधिकारियों को पीएम आवास हितग्राहियों से सतत संवाद स्थापित करते हुए आवास निर्माण में आने वाली कठिनाइयों का यथोचित समाधान करने के निर्देश दिए। घर का पानी घर में रहे इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत सोकपिट निर्माण प्रत्येक घर में कराया जाए ताकि जलसंचय हो सके। ग्रामीण जनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराने हेतु पात्रता के अनुसार आयुष्मान कार्ड तैयार कराए जाएं। योजनाओं की प्रगति समय सीमा में तकनीकी मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण के साथ सुनिश्चित की जाए। श्री गोमे ने बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना की एवं कम प्रगति का प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को प्लान करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। सहायक परियोजना अधिकारी श्री सिंह ने भी ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर पीएम आवास शीघ्र पूर्ण कराने हेतु दिए निर्देश

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पीएम आवास शीघ्र पूर्ण कराने हेतु सहायक परियोजना अधिकारी से उदय राज सिंह ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत खामहा, परसेल व मुरवारी का भ्रमण करते हुए हितग्राहियों को श्री आवास पूर्ण करने हेतु समझाइश दी। आवास पूर्ण होने में आने वाली कठिनाइयों के विषय में जानकारी ली। समस्या समाधान हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान बीसी पीएम आवास सचिव एवं रोजगार सहायक की मौजूदगी रही।



# मजदूर दिवस पर आयुध निर्माणी में रंगारंग प्रस्तुति

**कटनी।** आयुध निर्माणी कार्य समिति द्वारा श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन यूनियन मंच में किया गया। दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन 30 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से मुख्य अतिथि विश्वजीत प्रधान महाप्रबंधक आयुध निर्माणी, विशिष्ट अतिथि अनुराधा प्रधान अध्यक्ष महिला कल्याण समिति एवं अध्यक्ष कार्यसमिति व अपर महाप्रबंधक बीबी राव तथा संयुक्त महाप्रबंधक रमन एवं कार्य प्रबंधक प्रशासन अजय कुमार लोकसेवा प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

रंगारंग आयोजन के तहत आर्केस्ट्रा म्यूजिक मलिक जबलपुर द्वारा संगीत व नृत्य का शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। रात्रि 12 बजे शहीद श्रमिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए झंडा फहराया गया व अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात संगीत का कार्यक्रम रात्रि 1.30 बजे तक चलता रहा। दूसरे दिन 1 मई को रात्रि 8 बजे से मुख्य अतिथि अनुराधा प्रधान अध्यक्ष महिला कल्याण समिति, विशिष्ट अतिथि विश्वजीत प्रधान महाप्रबंधक आयुध निर्माणी, बीबी राव अध्यक्ष कार्य समिति एवं अपर महाप्रबंधक आयुध

### संप्रेषणा के नाट्यमंचन एवं ऑर्केस्ट्रा के कलाकारों ने बांधा समां

निर्माणी तथा संयुक्त महाप्रबंधक रमन की उपस्थिति में आर्केस्ट्रा के कलाकार शैलेंद्र रजक, अजय बेन, मानसिंह, रक्षा सिंह द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति की गई। सुर सम्राग्री स्व. लता मंगेशकर की याद में सुमधुर संगीत के साथ गीतों की प्रस्तुति से समा बांधा गया। बाल कलाकार कुमारी सुमेधा रंगडहले अनिका वासु नामदेव विद्या कश्यप ने डांस कर दर्शकों का मन मोह लिया। संप्रेषणा नाट्य मंच द्वारा नाटक निषादराज की सजीव प्रस्तुति की गई। यह नाटक भगवान श्रीराम के वनगमन के बाद उनकी निषाद से भेंट और केवट प्रसंग पर आधारित था।

कार्य समिति सचिव मनोज निगम ने जानकारी में बताया कि कार्यसमिति के दो दिवसीय आयोजन में समारोह समिति के संयोजक राजेंद्र सिंह चौहान कोषाध्यक्ष अंशुल तिवारी यूनियन के अध्यक्ष संजय ईश्वर महामंत्री मोहन गोहिया राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश तिवारी जेसीएम सचिव अजय प्रताप सिंह बघेल वरिष्ठ कार्यसमिति सदस्य भैयालाल पटेल पीतांबर सेतपाल जेसीएम सैयद सादिक अली के साथ मजदूर संघ के पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

# प्रतिरक्षा मजदूर संघ ने मनाया गुरु तेग बहादुर का 400 वां जन्म दिवस



**कटनी।** श्री गुरु तेग बहादुर का 400वा जन्म दिवस आयुध निर्माणी के यूनियन मंच में पूरी श्रद्धा और समर्पण की भावना के साथ मनाया गया। श्री गुरु तेग बहादुर सिखों के नौवें गुरु थे। उन्होने काश्मीरी पंडितों तथा अन्य हिन्दुओं का बलपूर्वक धर्म परिवर्तन किए जाने का विरोध किया था। 1675 में मुगल शासक औरंगज़ेब ने उन्हें इस्लाम स्वीकार करने को कहा पर गुरु साहब ने कहा शीश कटा सकते हैं, केश नहीं। औरंगजेब ने उनका सिर कटवा दिया। गुरुद्वारा शीश गंज साहिब तथा गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब उन स्थानों का स्मरण दिलाते हैं जहा गुरु तेगबहादुर की सहादत हुई थी। विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धान्त की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर साहब का स्थान अद्वितीय है। मई दिवस के अवसर पर ऑडनेंस फैक्ट्री प्रतिरक्षा मजदूर संघ द्वारा गुरु तेग बहादुर का 400 वां जन्म दिवस यूनियन मंच में मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश तिवारी के साथ साथ महाप्रबंधक आयुध निर्माणी कटनी विश्वजीत प्रधान, महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष अनुराधा प्रधान एवं प्रतिरक्षा मजदूर संघ के सभी पदाधिकारी कार्य समिति एवं जेसीएम सदस्य उपस्थित रहे।



# बाघा बॉर्डर का भ्रमण करेंगी प्रदेश की लाड़ली बालिकाएं

### जिले से भी 4 बालिकाएं होंगी इसमें शामिल

**कटनी।** लाडली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत मां तुझे प्रणाम योजना के तहत मध्यप्रदेश की 200 लाडली बालिकायें 2 मई से 7 मई तक बाघा बॉर्डर पंजाब-राजस्थान सीमा में भ्रमण करेंगी। शनिवार को कटनी जिले की 4 बालिकाओं को 2 विशेष वाहन से जबलपुर भेजा गया है। ये बालिकायें रविवार की सुबह 6 बजे भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगी। सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में ये बालिकायें जबलपुर के लिये रवाना हुई हैं। बाघा बॉर्डर के लिये जिले से जाने वाली बालिकाओं में कृतिक सेन कटनी, पूर्वी दुबे कटनी, सृष्टि दुबे मड़ई और हिना पटेल जुहली शामिल हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की प्रधान ममता पटेल व जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह द्वारा हरी झडी दिखाकर वाहनों के माध्यम से बालिकाओं को रवाना किया गया। पर्यवेक्षक सोमवती पटेल एवं भारती द्विवेदी भी इन बालिकाओं के साथ बाघा बॉर्डर के साथ शनिवार को रवाना हुई।

# एसडीएम ने बहोरीबंद के ग्रामों का भ्रमण कर लिया पेयजल आपूर्ति का जायजा

### अधिकारियों को दिए जरूरी कदम तत्काल उठाये जाने के निर्देश



**कटनी।** जिले में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में नागरिकों को पेयजल की उपलब्धता को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अधिकारी अपने संबंधित क्षेत्रों का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी लेते हुये व्यवस्थों को दुरुस्त कराने में जुटे हुये हैं। शनिवार को कलेक्टर के निर्देश पर बहोरीबंद एसडीएम संघमित्रा गौतम ने अधिकारियों के साथ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर पेयजल उपलब्धता के संबंध में क्षेत्र के रहवासियों से चर्चा कर जानकारी ली। साथ ही संबंधित विभागीय अमले को आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने क्षेत्र के बाकल के सोनकर मोहल्ला पहुंची। जहां पर बोरिंग में अतिरिक्त लाईन बढ़ाने के लिये पीएचई के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही फॉरेस्ट चौकी से आमजनों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिये भी एसडीएम ने निर्देश दिये। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बासन पहुंचकर नलजल योजना के तहत पेयजल उपलब्ध को लेकर ग्रामीणों से एसडीएम ने चर्चा की और जल की उपलब्धता को लेकर गांव में दो बोरिंग अतिरिक्त कराने का कार्य प्रारंभ कराया गया। इसके इलावा चनपुरा, खमतरा में भी पेयजल समस्या को लेकर एसडीएम ने भ्रमण किया और ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों से जल स्त्रोतों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान नायब तहसीलदार ऋषि गौतम सहित पीएचई के अधिकारी भी उपस्थित थे।

**भारतीय खाद्य निगम ने कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी जानकारी**

# कुपोषण दूर करने आंगनबाड़ियों को मिलेगा खास किस्म का चावल





**कटनी।** पूरे देश की तरह कटनी में भी आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को पुरैनी स्थित भारतीय खाद्य निगम के कार्यालय में अन्न योजना महोत्सव मनाया गया जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सेमिनार भी आयोजित किया गया। इस सेमिनार में कुपोषित बच्चों के पोषण आहार के बारे में विस्तार से चर्चा की गई ताकि जिले में कुपोषण को खत्म किया जा सके। कार्यक्रम में प्रबंधक पीआर पुंघेरा ने एक खास किस्म के चावल को आंगनबाड़ियों में वितरित करने की योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने के कहा कि इस चावल में एक खास तरह का पौष्टिक चावल मिलाया गया है जिससे कुपोषण के दर में कमी आ जाएगी। उन्होंने बताया कि अन्न योजना महोत्सव के तहत इस चावल का वितरण किया जाएगा ताकि कुपोषित बच्चों को बेहतर आहार हासिल हो सके। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने भरोसा जताया है कि इस योजना से समाज के अंतिम व्यक्ति को भी लाभ मिलेगा। कन्हैया तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कुपोषण हमारे समाज के लिए नासूर बना हुआ है, जिसे खत्म करना केन्द्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता है यही वजह है कि दोनों सरकारों के साझा प्रयास से अन्न महोत्सव मनाया जा रहा है। जिस तरह से सरकारें इसे लागू करना चाहती हैं उससे साफ है कि जब जमीन पर हम सब मिल कर काम करेंगे तो निश्चित तौर पर हमें एक बड़ी सफलता मिलेगी और हम एक स्वस्थ्य और बेहतर समाज का निर्माण कर पाएंगे।

# महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया कदम





**कटनी।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से 30 दिन का महिला सिलाई प्रशिक्षण का मुख्य प्रबधंक मुख्य शाखा कटनी अंजेश कुमार एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक ऊधम बानरा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रभारी जिला प्रबंधक कौशल उन्नयन एवं रोजगार एन.आर.एल.एम. कमलाकर मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य एवं संचालक आर.सेटी. मनोहर लाल अहिरवाल की अध्यक्षता में प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित कर समापन किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम के मार्गदशर्न में संचालित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि अंजेश कुमार ने कहा कि हम सभी अधिक से अधिक अभ्यास करने का प्रयास करें आत्मविश्वास के साथ सीखे जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है उसकों व्यवहारिक रूप से समाज को लाभ मिले इसके लिए योजना बनाकर गतिविधि प्रारंभ करें। विशिष्ट अतिथि कमलाकर मिश्रा ने कहा हम अपनी कमियां दूर करने का प्रयास करें कमजोरी को बाहर निकालकर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्य को प्रारंभ करें साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के बारे में

### स्टेट बैंक एवं आजीविका मिशन के तहत 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण

विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि हम प्रशिक्षण के बाद विभिन्न योजनाओं से आर्थिक सहयागे लेकर अपनी गतिविधि प्रारभ्ं ा कर सकते है। एलडीएम ऊधम बानरा प्रशिक्षणार्थियों से अपनी बात साझा करते हुय`े सीखे हुये प्रशिक्षण का विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से जुड़ते हुये अपने अनुभवों के साथ गतिविधि के लिए सही याजना बनाकर गतिविधि प्रारंभ करें जिससे अपनी निधर्नता एवं गरीबी कों कम किया जा सकता है तथा समाज में सम्मान भी प्राप्त हो सकता है। आजीविका मिशन द्वारा संचालित किये जा रहे स्वसहायता समूहां से जुड़कर भी हम अपने कार्य सरलता से प्रारंभ कर सकते है। प्रशिक्षिका सनैुना चौधरी द्वारा प्रशिक्षण संबंधी सभी बातों को कार्यक्रम दौरान विस्तारपर्वूक बताया गया। कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी सुनील रजक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजेश विश्वकर्मा, अनुपम पाण्डेय, अरूण रजक, ओमप्रकाश तिवारी की उपस्थित रही।

## मुकद्दम विजय सिंगौते को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई



**कैमोर।** कैमोर नगर परिषद में दीर्घकालिक सेवाओं के बाद मुकद्दम विजय सिंगौते बीते 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर नगर परिषद द्वारा एक समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। स्वच्छता निरीक्षक पी आर सिंह और सी एम ओ धर्मेन्द्र शर्मा ने पगड़ी और हार पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें सपरिवार नगर परिषद में आमंत्रित किया गया था। विदाई समारोह में नगर परिषद के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर के निर्देश पर मिलेगी सस्ती रेत

### पीएम आवास निर्माण में आएगी प्रगति, हितग्राहियों ने जताई खुशी



**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के अंतर्गत आवास निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर पिपरिया ग्राम पंचायत के हितग्राहियों को रेत ठेकेदार के द्वारा रियायती दरों पर रेत उपलब्ध कराई जा रही है। गत रविवार को जनपद पंचायत बड़वारा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों के भ्रमण के दौरान पिपरिया की ग्राम सभा में हितग्राहियों द्वारा पीएम आवास निर्माण में आ रही कठिनाइयों के विषय में कलेक्टर श्री मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे को अवगत कराया गया था। हितग्राहियों ने आवास निर्माण में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री रेतए सीमेंट और लोहा महंगा हो जाने के कारण आवास निर्माण में विलम्ब होना बताया था । समस्या के संज्ञान में आते ही कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा सीईओ जनपद बड़वारा को त्वरित कार्यवाही कर हितग्राहियों को सस्ती दरों पर सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। सीईओ जनपद बड़वारा सुरेंद्र तिवारी द्वारा बताया गया कि रेत ठेकेदार से संवाद स्थापित करते हुए पीएम आवास हितग्राहियों को रियायती दरों पर रेत उपलब्ध कराई जा रही है। इससे हितग्राहियों को आवास निर्माण में सुविधा हो रही है और प्रगति एवं पूर्णता में तेजी आई है। सस्ती दरों पर रेत की उपलब्धता से हितग्राहियों ने खुशी व्यक्त की है।

# दो मालगाड़ियों के बीच फंसे यात्री

## कटनी-सतना रेलखंड के लगरगवां स्टेशन में हुई यात्रियों की फजीहत



**कटनी।** कटनी से सतना के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन के यात्री सतना से पहले लगरगवां स्टेशन में दो मालगाड़ियों के बीच में फंस गए। गाड़ी संख्या 06625 कटनी-सतना मेमू ट्रेन के यात्री मंगलवार को उस वक्त सकते में आ गए। जब ट्रेन अपने अगले स्टाप लगरगवां स्टेशन में रुकने वाली थी लेकिन वह प्लेटफार्म में न रुककर बीच की मुख्य लाइन में ही रोक दी गई। यह इसलिए हुआ कि दो प्लेटफार्म वाले इस स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म में मालगाड़ी खड़ी थी। जिसके बाद मुख्य लाइन पर ट्रेन से यात्री उतरने लगे और वे फंस गए कि वे आखिर पटरी कैसे पार करें। जिसके कारण कई यात्री दुर्घटना का शिकार होते बाल-बाल बचे। हैरानी की बात रही कि इतनी बड़ी लापरवाही के बाद सतना का रेलवे प्रशासन अंजान रहा। आखिर ट्रेन का स्टाप होने के बावजूद ट्रेन को प्लेटफार्म में न रोककर मुख्य लाइन में रोकने के कारण सुरक्षा और दुर्घटना का खतरा पैदा हो गया। पूरे मामले में सतना के क्षेत्रीय प्रबंधक आशीश रावलानी ने जांच की बात कही है। हालांकि यह पहला मामला नहीं है, जब ऐसा हुआ हो अधिकांश छोटे स्टेशनों में यह देखा गया है कि प्लेटफार्म पर मालगाड़ियां खड़ी रहती हैं और यात्री ट्रेनों को बिना प्लेटफार्म वाले रेलट्रैक पर खड़ा कर यात्रियों को परेशान किया जाता है।

### मालगाड़ी खड़ी थी तो कैसे लगा दी ट्रेन

कटनी-सतना रेलखंड में सतना के पास लगरगवां रेलवे स्टेशन छोटा स्टेशन है। जहां यात्री सुविधाएं तक नहीं हैं। यहां केवल पैसेंजर ट्रेन ही रुकती है लेकिन इसका मतलब मुख्य लाइन में ट्रेन रोक देना कहां का नियम है। जिसे लेकर रेल यात्रियों ने भी सवाल खड़े किए। वहीं सवाल यह उठ रहा है कि जब प्लेटफार्म खाली नहीं था तो ट्रेन को स्टेशन आने कैसे दिया गया। इस दौरान दोनों तरफ मालगाड़ी खड़ी थी। दो ट्रेनों के बीच यात्री मेमू ट्रैन से उतरे। हैरानी की बात है कि ट्रैक पार करना अपराध होने के बावजूद ट्रेन ट्रैक पर ही खड़ी की गई। इस दौरान कोई हादसा भी हो सकता था।

# स्टेशन में प्याऊ से बुझ रही यात्रियों की प्यास



## कटनी सहित जबलपुर रेल मंडल के 13 स्टेशनों में समाजसेवी संस्थाओं ने शुरू की सेवा


**कटनी।** रेलवे स्टेशनों में वाटर कूलर व नलों के अलावा प्याऊ खोलकर भी यात्रियों की प्यास बुझाने के प्रयास रेलवे के द्वारा किए जा रहे हैं। जबलपुर रेल मंडल के कटनी सहित 13 स्टेशनों में रेलवे के द्वारा गैर सरकारी संगठन व समाज सेवी संस्थाओं के माध्यम से प्याऊ खोले गए हैं। जिनमें यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है। इन संस्थाओं द्वारा स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति करने में सक्रिय योगदान दिया जा रहा है। इनके द्वारा गाड़ी के स्टेशन पर आते ही यात्रियों को पानी पिलाने व खाली बॉटल में शीतल जल भरने का काम भी किया जा रहा है। पमरे के कटनी सहित प्रमुख स्टेशनों पर गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) व समाज सेवी संस्थाओं को स्टेशन पर यात्रियों को निःशुल्क शीतल जल पिलाने के लिए प्रशासन द्वारा अनुमति दी गई है।

### इन संस्थाओं ने खोले प्याऊ

जबलपुर रेल मंडल के कटनी सहित 13 प्रमुख स्टेशनों पर 39 वॉटर हट्स (प्याऊ) खोले गए हैं। जिसमें कटनी, जबलपुर, श्रीधाम, करकबेल, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, सतना, मैहर, दमोह, सागर, खुरई व रीवा स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों पर अमृत सेवा समिति, जल सेवा समिति, साई श्रद्धा समिति, जीव दया संस्था, जैन सोशल ग्रुप, गायत्री परिवार, सिंधी समाज संस्था, हर महादेव समिति, श्री राम सेवा समिति, मानव सेवा समिति व सत्य साई सेवा समिति के द्वारा प्याऊ खोला गया है।

# बिजली संयंत्रों को कोयला आपूर्ति करने कटनी होकर प्रतिदिन चलाई जा रही सैकड़ों मालगाड़ियां

## अप्रैल में एक हजार से ज्यादा कोयला लोड मालगाड़ियों का हुआ परिचालन



**कटनी।** कोयले की कमी से जूझ रहे प्रदेश के बिजली संयंत्रों को रेलवे के द्वारा कोयला आपूर्ति करने हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। कटनी-सिंगरौली, कटनी-शहडोल, कटनी-जबलपुर, कटनी-बीना व कटनी-सतना रेलखंड से प्रतिदिन सैकड़ों कोयला लोड मालगाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष 2022-23 के शुरुआत में ही माह अप्रैल 2022 में माल यातायात कोल की 1048 रैक अनलोडिंग और 87 रैक कोल लोडिंग की गई है। गौरतलब है कि पमरे द्वारा वर्ष 2021-22 में कोल माल यातायात में 9993 रैक कोल अनलोडिंग और पिछले वर्ष 2020-21 में 7515 रैक कोल अनलोडिंग की तुलना में 2478 रैक कोल अनलोडिंग अधिक की गई थी। पमरे द्वारा कोल माल यातायात को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख रेलखण्डों कटनी-बीना, बीना-कोटा व कटनी-सिंगरौली आदि पर प्रमुखता से परिवहन किया जा रहा है। जिससे मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के औद्योगिक एवं रहवासी क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति के लिए कोल लोडिंग/अनलोडिंग पमरे द्वारा विभिन्न प्रमुख पॉवर प्लांट में पहुचाया जा रहा है। जिसमें प्रमुख कोल साइडिंग्स जेपीवीएन निवास रोड (कटनी-सिंगरौली), एनटीपीसी गाडरवारा (इटारसी-जबलपुर), पीएसएसएस बीड़ (इटारसी-खण्डवा), जेबीटीएस सेमरखेड़ी (बीना-कोटा), केपीआरजे झालावाड़ सिटी (रामगंजमंडी-झालावाड़ सिटी), एपीएलएस सालपुरा (कोटा-रुठियाई), पीसीएमसी मोतीपुरा चैकी (कोटा-रुठियाई) व जीटीपीएस कोटा गुरला (कोटा-मथुरा) को कटनी होकर ही कोयले की आपूर्ति रेलवे के द्वारा की जा रही है।

### नहीं हुई रक्तरंजित मिले शव की शिनाख्त

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र की झिंझरी पुलिस चौकी के अंतर्गत जबलपुर-रीवा बायपास मार्ग पर स्थित टोल नाका के पीछे मिली लगभग 30-35 वर्षीय अज्ञात युवक की रक्तरंजित लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस जिले के सभी थाना क्षेत्र सहित आसपास के जिलों की पुलिस को भी मृतक के फोटोग्राफ व अन्य जानकारी भेज कर मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है। झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर के मुताबिक बीती 30 अप्रैल को टोल नाका के पीछे अनिल केवलानी के खेत की मेड़ पर एक अज्ञात युवक की रक्तरंजित लाश बरामद की गई थी। मौके पर ही मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास किए गए लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। अब पुलिस पंपलेट व पोस्टर छपवाकर मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है।

# फिर शुरू हुई कन्यादान योजना, फ्री में होंगी शादियां

## 11 हजार का चेक और 38 हजार का मिलेगा घर-गृहस्थी का सामान



**कटनी।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत होने वाली शादियों को हरी झंडी मिल गई है। इस योजना के तहत शीघ्र ही शहनाईयां गूंजेगी। जिससे गरीब और उन जरूरतमंद परिवारों को बेहतर लाभ मिलेगा जो आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण खुद बेटे-बेटियों का विवाह भी नहीं कर पा रहे थे। इस बार इस योजना के तहत 11 हजार रुपए का चेक और 38 हजार रुपए का घर-गृहस्थी का सामान दिया जाएगा ताकि जरूरतमंद जोड़े आसानी से अपने जीवन की शुरूआत कर सकें।

### 26 मई से विवाह और 20 अगस्त से शुरू होंगे निकाह

राज्य शासन ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की फिर से शुरूआत की है। यह योजना कोविड के कारण बंद थी लेकिन जिले में योजना के तहत होने वाले विवाह इस बार 26 मई और निकाह 20 अगस्त से शुरू होंगे। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में दंपती को इस बार 51 हजार रुपए की जगह 55 हजार रुपए की राशि के उपहार दिए जाएंगे। सामाजिक न्याय विभाग के मुताबिक हाल ही में योजना का प्रपत्र आया है। विवाह के आयोजन निकायों और जनपद पंचायतों द्वारा कराया जाना है। कोई निकाय 5 से कम विवाह नहीं करा सकती है। सामान खरीदी के लिए अभी कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।

### पंचायतें करा सकेंगी सामूहिक शादी

इस बार नियमों में बदलाव किया गया है। शासन से मिलने वाली राशि 55 हजार रुपए में से 38 हजार रुपए की सामग्री दी जाएगी। इसमें 11 हजार रुपए का चेक दिया जाएगा। बाकी 6 हजार रुपए अन्य व्यवस्थाओं में खर्च किए जाएंगे। यह विवाह इस बार नगरीय निकाय और जनपद पंचायतें करेंगी। पहले संगठन और सामाजिक संस्थाओं द्वारा विवाह कराए जाते थे जो अब नहीं होंगे।

# जंगल की लकड़ी काटने से मना करने पर वनरक्षक के साथ मारपीट

## वर्दी फाड़ी, सरकारी वाहन में तोडफोड़, तीन पर मामला दर्ज



**कटनी।** बरही वन परिक्षेत्र में एक वनरक्षक पर कुछ लोगों ने मिलकर अचानक हमला कर दिया, घेरकर मारपीट की, वनरक्षक की वर्दी फाड़ दी। उपद्रवी सरकारी उड़नदस्ता वाहन में चढ़ गए, कांच फोड़ा दिया, वनरक्षक को वाहन से बाहर घसीटना चाहा। जैसे-तैसे वनआरक्षक जान बचाकर भागा। मारपीट के आरोपी जंगल में हरे वृक्ष काटकर लकड़ी(लठ्ठे)चुराकर ले जा रहे थे। वनआरक्षक ने रोका तो उसी पर आग-बबूला हो गए। गांव से कुछ लोगों को बुलाकर वनरक्षक को जंगल में घेर लिया। उसके साथ अभद्रता करते हुए शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया। वनरक्षक की रिपोर्ट पर आरोपियों ग्राम कुआं निवासी विजय भूमिया, कमलेश गौड़ और सुरेश गौड़ के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार बरही वन परिक्षेत्र के कुआं बीट गार्ड वनरक्षक चंचल कुमार पांडे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह वन एवं वन्य प्राणी सुरक्षा का कार्य करता है। रविवार को स्टॉफ, सुरक्षा श्रमिक के साथ सरकारी वाहन एम.पी.09एवी-2824 से बीट कुआं की वन गश्ती कर रहा था। तभी बिछुआ वनक्षेत्र से एक व्यक्ति साइकिल में ग्राम कुआं की ओर हरे वृक्ष से कटी लकड़ी लेकर जाता दिखा, उसका पीछा करके रोका गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम कुआं निवासी विजय भूमिया बताया। विजय ने कमलेश और सुरेश गौंड़ को बताया तो वे अपने साथ 9-10 लोगों को लेकर मौके पर पहुंचे। भीड़ ने आते ही अपशब्दों की बौछार कर दी। धक्का-मुक्की करके मारपीट करने लगे। कमलेश, सुरेश और विजय ने वर्दी फाड़ दिया। सरकारी वाहन में तोड़ाफोड़ की। दबंगई दिखाते हुए हरे कटे पेड़ साइकिल में रखकर ले गए। जाते-जाते धमकाया कि यदि दोबारा वृक्ष काटने और लकड़ी ले जाने से रोका तो जान से मार देंगे। घटना में वनरक्षक को गर्दन, कंधे में गंभीर अंदरूनी चोटें आयीं हैं। रिपोर्ट पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 294, 506, 353, 332, 427, 34 का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।


रत्ना गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
गार्डन मात्र 51000/-

JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

PRE. REGISTRATION साईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता
एडवांस्ड सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

प्लॉट बिकाऊ है
समदड़िया सिटी, राय कालोनी, बारह बंगला के पास एवं शांतिनगर में साईज 1000 से 3000 वर्गफुट तक के प्लॉट रेट 1000 से 1200 वर्गफुट में उपलब्ध हैं। सिर्फ खरीददार ही संपर्क करें।
मो. 9993705740

श्री वेंकटेश्वरा बोरवेल्स
हर प्रकार के बोर 9 बाय 7.4 खेत, घर कुआं एवं सबमर्सिबल पम्प, केसिंग पाईप हेतु हर प्रकार के बोर करवाने हेतु संपर्क करें, उचित दरों में....
PVC पाइप थोक दर प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप सेट थोक दरों में उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप एवं PVC पाइप के थोक विक्रेता
मो. -7869171856 7974741898
ब्रांच ऑफिस- सत्यनारायण मंदिर के पास, पैरामाउंट स्टील के सामने, माई नदी, कटनी

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)